## खबर संक्षेप



### हनुमान प्रकटोत्सव पर कार्यक्रम कल

**उमरियापान।** भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त केसरी नंदन हनुमान जी का प्राकट्योत्सव कल 23 अप्रैल को उमरियापान में धूमधाम से मनाया जाएगा। प्राचीन बावली दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजन एवं महाआरती, झंडाचौक हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ, बडीमाई मंदिर प्रांगण हनुमत दरबार, ब्यौहार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर, मुडिया पुरवा स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर बजरंग दल प्रखंड उमरियापान के संयोजन में शाम 4 बजे से नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। संत बनवारी दास महाराज के सानिध्य में भरभरा आश्रम स्थित श्रीहनुमत भजनानंद स्वामी का विशेष पूजन व आरती की जाएगी। हरदी कुटी आश्रम में संत कौशिल्यादास महाराज के सानिध्य में हनुमानजी का विशेष पूजन अर्चन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### सुविधा केन्द्र मे शासकीय सेवकों की लगाई डयूटी

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण के तहत राज्य के अन्य संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से जिले मे कार्यरत शासकीय सेवकों प्राप्त डाक मतपत्र हेतु 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 52 में सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाकर शासकीय सेवकों की डयूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जारी आदेशानुसार श्री सुधांशु तिवारी क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदुशण मंडल नियंत्रण कटनी को सुविधा केन्द्र का प्रभारी नियुक्त कर इनके साथ दो मतदान सहायक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राहुल बघेल एवं निनित गौंड की डयूटी लगाई गई है। जबकि रिजर्व दल मे डॉ प्रशांत कुमार आयुर्वेद मेडिकल आफिसर शासकीय आयुर्वेद औषधालय पिपरौंध कटनी को संलग्न किया गया है।

### कलेक्टर ने मंडी पहुंच कर लिया स्ट्रांग रूम का जायजा

**कटनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने रविवार की शाम कृषि उपज मंडी पहुंचकर स्ट्रांग रूम और यहां के सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध जिला प्रशासन ने कृषि उपज मंडी पहरूआ के परिसर में बने स्ट्रांग रूम पर नजर सीसीटीवी कैमरे और एल ई डी टीवी स्क्रीन की व्यवस्था की है। विदित हो की 19 अप्रैल को हुये मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के बडवारा विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम और वीवीपीएटी मशीनों को उम्मीदवारों और उनके अभिकर्ताओं की खास मौजूदगी में स्ट्रांग रूम में सील बंद किया गया था।

### जहर खुरानी से बिगड़ी युवती की तबीयत, इलाज दौरान मौत

**ढीमरखेड़ा।** जहर खुरानी करने वाली एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई है। युवती ने यह कदम क्यों उठाया,इसका पता नहीं चला। फिरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।उमरियापान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटरा निवासी अगन सिंह परस्ते की पुत्री रूपा परस्ते (20) शुक्रवार रात को जहर खा लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने युवती को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

### माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रॉबर्ट लाइन में हुई थी वारदात, जबलपुर से धरे गए आरोपी

# क्राइम ब्रांच पुलिस बनकर डकैती करने वाले 5 बदमाशों को किया गिरफ्तार, 6 लाख रूपए की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र के रॉबर्ट लाइन में 18 अप्रैल की देर रात हुई डकैती की वारदात के सभी पांचो आरोपियों को माधव नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज किया था लेकिन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद घटना में डकैती दर्ज करते हुए धाराएं बढ़ाई गई हैं। माधवनगर पुलिस ने उक्त प्रकरण में पहले धारा 394, 450, 419, 342 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया था जिसे बढ़ा कर धारा 395, 120-बी भादवि के तहत "डकैती का प्रकरण दर्ज किया गया है। पांच आरोपियों से दो लेपटॉप, 05 मोबाइल सहित 3 लाख 50 हजार का मशरूका बरामद" किया गया है।

एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एडि एसपी डॉ संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिहं, दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार, उदयभान मिश्रा उप निरीक्षक साइबर सेल एवं उनकी टीम को डकैती करने वाले पांच



आरोपियों को पकड़ा तथा करीब 6 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया।

रॉबर्ट लाइन निवासी भरत बानवानी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि 18 अप्रैल को रात्रि करीब साढ़े 12 बजे चार अज्ञात लड़के सिविल ड्रेस में मेरे कमरे में घुस आये और बोले कि हम काइमब्रान्च से है तथा हम लोगों को कमरे में बंधक बना कर मारपीट करके भय दिखाकर मेरे मोबाईल खाता से जबरन फोन-पे से 49 हजार रूपये ट्रांसफर करवाये। मेरे रिश्तेदार ने सेमसंग के दो नग मोबाईल एवं 3 मोबाइल रियलमी कम्पनी के मोबाईल कुल 5 मोबाइल और दो लेपटाप एच.पी कम्पनी का चार्जर और एच पी कम्पनी का स्पीकर के बेचने के लिये दिये थे जिसकी कुल कीमत करीबन 3 लाख 35,000 रूपये है, हम लोगो के द्वारा उनका विरोध किया गया तो मारपीट की। चारों आरोपी लड़को की उम्र करीब 20-25 साल के बीच थी।

एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया गया और तत्काल ही आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश देते हुए अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर के नेतृत्व मे उनि. दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार, उनि.उदयभान मिश्रा सायबर सेल कटनी एवं अधीनस्थ स्टाफ की टीम गठित की गई

गठित टीम द्वारा जानकारी एकत्रित करते हुए सी.सी.टी.वी कैमरो को खंगलना शुरु किया गया। तकनीकी सहायता से फरियादी के बताये अनुसार उसके मोबाईल के पे-टीएम से किये गये 49 हजार रुपये का ट्रांसफर हिस्ट्री देखी गई। फरियादी के खाते से दूसरे खाते मे किये गये ट्रान्सफर रकम के खाताधारक की तलाश की गई। खाताधारक जबलपुर शहर का होना पाया गया। जिसके संबंध मे मुखबिर तंत्रों के माध्यम से पतासाजी कर संबंधित व्यक्ति के माध्यम से ज्ञात हुआ कि सचिन यादव के द्वारा उसके खाते में 49 हजार रुपये ट्रांसफर कराया गया।

सचिन यादव की तलाश करते हुए कटनी पुलिस जबलपुर उसके घर पहुंची तो पुलिस को भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा गया। इसी प्रकार कुछ ही दूरी पर तनवीर खान को पकड़ने पहुंचे तो वह भी भागा जिसे पुलिस ने मशकत्त से पकड़ा। इसी प्रकार क्रमशः सूजल उर्फ अंशु बावरिया, नमन उर्फ लक्की श्रीवास्तव, चेतन विश्वकर्मा को पकड़ा गया है। जिनसे पृथक पृथक पूछतांछ की गई जिन्होने स्वयं को कर्जे मे होने के कारण दोस्तों के साथ मिलकर प्लान बनाया कि भरत बानवानी माधवनगर निवासी के घर चलते है। तनवीर खान वहां एक महीने पहले काम कर चुका है जिसे घर आने जाने का रास्ता मालूम है वहां से लैपटाप मोबाईल और जो भी पैसा मिलेगा आपस मे बांट लेंगे। तनवीर खान के बताये अनुसार भरत बानवानी के घर की बाउंड्री कूद कर सचिन यादव, चेतन विश्वकर्मा, सूजल बावरिया, लक्की श्रीवास्तव चारों लोग घर मे घुस गये और खुद को क्राईमब्रांच के पुलिस बताकर वारदात को अंजाम दिया।

आरोपियों को पकड़ने में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उनि दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार, उनि उदभान मिश्रा सायबर सेल, उनि. विष्णु नारायण जायसवाल, उनि गणेश विश्वकर्मा, सउनि संतोष सिंह, सउनि मनोज कुडापे, प्र.आर प्रशांत विश्वकर्मा, प्र.आर. भुवनेश्वर बागरी, प्र.आर लालजी यादव, आर. शिव पटेल की भूमिका रही।

### सेल्फी प्वाइंट से पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्कों भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो.आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में लगे सेल्फी प्वाइंट में स्टॉफ के सदस्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा सेल्फी एवं फोटो लेकर पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा ली गई कि स्वयं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेगें साथ ही अपने घर परिवार एवं परिचितों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगें। इको क्लब प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पर्यावरण एवं प्रकृति को संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी एवं नैतिक दायित्व है जो कि जन जागृति के माध्यम से ही संभव है अन्यथा इसका दुष्परिणाम सभी को सहना पड़ेगा। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह मौजूद रहीं।

*शिकायतों के बाद भी विमं अधिकारी नहीं दे रहे कोई ध्यान*

## टोपी में एक पखवाड़े तो डूंडी हार में 10 दिनों से खराब पड़ा बिजली ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गर्मी के सीजन में इन दिनों उमरियापान क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीण और किसान परेशान है। गांवों में बिजली न होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं। वहीं किसानों को फसलों की सिंचाई की दरकार है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होकर या जलकर बंद हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बाद भी ट्रांसफार्मरों का सुधार नहीं कराया गया। इन्हें बदलवाने के लिए किसान और ग्रामीण दोंनो परेशान हैं। उमरियापान के टोपी और पिपरिया सहलावन में ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। जिससे ग्रामीणों के अलावा किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। उमरियापान के समीप घुघरा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव टोपी में 15 दिनों से बिजली नहीं है। बिजली न होने से ग्रामीण रात अंधेरे में रहकर गुजार रहे हैं वहीं किसान अपनी फसलों में पानी नहीं दे पाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से गर्मी के दिनों में ज्यादा परेशानी होती है। घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। बिजली उपकरण बंद है। पानी की किल्लत मची हुई है। हैंडपंप बंद होने से ग्रामीणों को पानी के लिए अधिक परेशान होना पड़ता है।रात के समय में अंधेरा होने के कारण जीव जंतुओं के काटने का खतरा बना हुआ है। अंधेरे में मच्छर भी डंक मार रहे हैं। जिससे कि लोंगो की नींद भी हराम है।ग्रामीणों ने बताया कि शादी का सीजन चल रहा है। रिश्तेदार गांव आते हैं। बिजली समस्या से परेशान होकर रिश्तेदार भी गांव में नहीं रुकते हैं। वहीं किसानों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से किसानों को दोहरी मार पड़ती है। उड़द,मूंग की फसलों में पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे खेतों में बोई गई फसलें धूप में सूखने लगी है। जिससे किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों के सुधार कार्य नहीं कराया है।

पिपरिया सहलावन के डूंडी हार क्षेत्र के किसान बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान हैं। बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण किसान खेतों में ट्यूबवेल होने के बावजूद पानी की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। पानी की कमी के कारण खेतों में लगी फसल नष्ट होने के कगार पर है।किसान फसलों को पानी नहीं दे पा रहे हैं।किसान विद्युत विभाग को कई बार इसकी जानकारी दे चुके हैं।नए ट्रांसफार्मर की मांग भी कर चुके हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पिपरिया और डूंडी क्षेत्र के किसान अपने खेतों में शुरुआत से अब तक पानी की सिंचाई नहीं कर पाए हैं। खेत में ट्यूबवेल होने के बावजूद भी किसान भगवान भरोसे बैठे हैं।

### जांच अभियान के दौरान 5 लाख नकदी किये जब्त



आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। गत दिवस कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी एक बोलेरो वाहन क्रमांक MP-21-ZC-3586 को रोककर चैक किया गया गया जो बोलेरो वाहन में बैठे जितेन्द्र सिंह पिता श्यामवीर सिंह निवासी वरेण्डा थाना मनसुक कापरा जिला आगरा उ.प्र के बैग से नगदी 525000 रुपये होना पाया गया गया । चूंकी आचार संहिता लगी होने से बोलेरो में बड़ी तादात में रुपये होने से रुपयो के संबंध में जितेन्द्र सिंह से पूछतांछ की गई जो बताया कि धनलक्ष्मी कंपनी में काम करता है जो कंपनी का पैसा बरही से कटनी कार्यालय में जमा करने हेतु लेकर जाना बताने पर उक्त रुपये के संबंध में दस्तावेज पेश किया जो पुलिस ने प्रारंभिक जाँच में वैध दस्तावेज होना पाया जाने से उक्त राशि को जितेन्द्र सिंह के सुपुर्द किया गया ।

## मरम्मत कार्य के चलते मिशन चौक में जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मिशन चौक सागर पुलिया में एक ओर की दीवार में मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण रविवार दोपहर जाम की स्थिति बन गई। दोनों ओर से आने वाले वाहनों के पहिए कुछ देर के लिए थम गए और पुलिया के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कड़ी धूप और गर्मी में पुलिया के पास जाम में फंसे वाहन चालक काफी परेशान हो रहे थे। सिर्फ एक ही ओर से आवागमन शुरू होने के कारण जाम का सामना करना पड़ रहा था।

जाम को खुलवाने के लिए मिशन चौक के पास ड्यूटी में तैनात यातायात पुलिस कर्मी काफी मशक्कत करते नजर आए। लेकिन मरम्मत कार्य के लिए लाई गई जेसीबी मशीन के कारण जाम काफी देर तक लगा रहा। मिशन चौक सागर पुलिया के पास एक ओर दीवार की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। जैसी ही कार्य शुरू हुआ आवागमन एक ओर से बंद हो गया। जिसके कारण मिशन चौक पुलिया में जाम लग गया। मिशन चौक पुलिया के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम के कारण सागर पुलिया में वाहन रेंगते हुए नजर आए। जाम को खुलवाने के लिए ड्यूटी में तैनात में यातायात कर्मी वाहनों को एक-एक कार निकलवाने का प्रयास कर रहे थे। बावजूद इसके काफी संख्या में वाहन जाम में फंसे हुए थे।

*कलेक्टर एवं एसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना*

## मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए निकाली गई पुलिस बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एसपी कार्यालय से रविवार 21 अप्रैल की शाम पुलिस बल की मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ डेहरिया, सी एस पी ख्याति मिश्रा, प्राध्यापक चित्रा प्रभात, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण पूजा द्विवेदी, सहायक संचालक महिला बाल विकास वनश्री कुर्वेती, सहित यातायात प्रभारी और अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बाइक रैली में यातायात एवं जिला पुलिस बल शामिल रहा।

जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता बाईक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रैली प्रारंभ होकर, माधव नगर गेट-बरगवां, सागर पुलिया ,भटठा मुहल्ला ,रंगनाथ नगर-लखेरा-वेस्ट लेंड ,ऑर्डिनेंस फैक्ट्री केलडीयर्स ग्राउड-कुन्दनदास स्कूल ग्राम पंचायत चौराहा, तांगा तिराहा मेन बाजार कैम्प ,कुम्हार मोहल्ला, पी०डब्लू०डी-विश्राम बाबा-होते हुए कलेक्ट्रेट वापस कलेक्ट्रेट कार्यालय कटनी पहुंची।

बाइक रैली के कलेक्ट्रेट कार्यालय में समापन के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत कुमार रंजन एवं जिला पंचायत सीईओ और स्वीप नोडल शिशिर गेमावत सहित पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं मतदान करने और दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ ली।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने चल रही जागरूकता गतिविधियां

## लोकतंत्र के पर्व में दें योगदान, 26 को अवश्य करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन तथा सी.ई.ओ. जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में जिले मे विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया में जनपद पंचायत कटनी और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के समन्वय से विगत शाम कैंडल मार्च निकाला गया।

लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कैंडल मार्च ग्राम पंचायत इमलिया के विभिन्न मुख्य मार्गो का भ्रमण के दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी नारों एवं स्लोगन के माध्यम से राहगीरों एवं मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस में आवश्यक रूप से मतदान कर मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करनें में अपनी भूमिका निभानें का संदेश दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिशिर गेमावत द्वारा उपस्थित जनों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होक मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान उमेश सोनी , जनपद पंचायत से बलराम दहिया, अवधेश दहिया, के साथ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता एवं छात्रों की विशेष उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने लोको शेड यार्ड में अग्नि दुर्घटना के संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक कटनी को लिखा पत्र

**कटनी।** जिले के एन.के.जे. लोको शेड यार्ड के टी.आर.एस. क्षेत्र मे आग लगने की घटित घटना को गंभरता से लेते हुए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कटनी अवि प्रसाद ने क्षेत्रीय प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल्वे, कटनी से एन.के.जे. लोको यार्ड को पत्र लिखकर घटित अग्नि दुर्घटना की परिस्थितियों एवं उसके संभावित कारणों सहित दुर्घटना की रोकथाम हेतु की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का लेख किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने क्षेत्रीय प्रबंधक कटनी को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की कण्डिका 32 अनुसार जिला स्तर पर भारत सरकार और राज्य सरकार का प्रत्येक कार्यालय और स्थानीय जिला प्राधिकारी जिला प्राधिकरण के पयवेक्षण के अधीन होने के कारण उक्तानुक्रम में आपदा घटित होने की दशा में मोचन योजनांए एवं प्रक्रियाओ से जिला प्राधिकरण को अवगत कराया जाना आवश्यक है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने क्षेत्रीय प्रबंधक को प्रेषित पत्र मे उल्लेख किया है कि एन.के.जे. लोको शेड यार्ड देश के चुनिंदा इलेक्ट्रिक लोको वर्कशाप में से एक है। यहॉ देश भर के इलेक्ट्रिक इंजन यहाँ रिपेयर होने आते है। भविष्य में यहां इस प्रकार घटना की पुनरावृत्ति न हो सके इस हेतु क्षेत्रीय स्तर पर किये गये उपाय एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी से जिला प्राधिकरण को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## "प्रत्येक वोट जरूरी है" पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता, मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को

### चयनित 10 प्रतिभागियों को 5100 रुपये का दिया जाएगा विशेष पुरस्कार

अपनी प्रविष्टि उचण्उलहवअण्पद पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरुवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### यह मिलेगी पुरस्कार राशि

प्रथम पुरस्कार 51 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र सहित 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### नियम एवं शर्तें

प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।

## खबर संक्षेप

### पैदल जा रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत तेवरी बायपास में लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए ट्रक चालक ने पैदल जा रहे एक युवक को रौंद डाला। हादसे में घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि नया बाजार दाहोद निवासी 30 वर्षीय कमल पिता भगवान दास सोनकर गत 20 अप्रैल को तेवरी में रिश्तेदारों के यहां आया था। जब वह तेवरी बाईपास पर पैदल जा रहा था इसी दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 6864 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को जप्त करते हुए आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

### जिला पंचायत कटनी प्रदेश में 5वें पायदान पर

**कटनी।** एक बार फिर जिला पंचायत कटनी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर जारी ग्रेडिंग में पांचवें पायदान पर रहकर टॉप 5 जिलों में स्थान अर्जित किया है। जिला पंचायत कटनी के सीईओ शिशिर गेमावत के कुशल नेतृत्व और निगरानी में अधिकारियों कर्मचारियों ने शिकायतों के निराकरण में बेहतर कार्य करते हुए उपलब्धि हासिल की हैं। सीईओ ने इस उपलब्धि पर अधिकारियों कर्मचारियों की तारीफ करते हुए उनका हौसला बढ़ाया है और भविष्य में भी इसी प्रकार शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हुए निराकरण करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत कटनी ने प्रथम समूह में माह मार्च 2024 की जारी ग्रेडिंग के अनुसार प्राप्त 806 शिकायतो के निराकरण में 682 शिकायत को संतुष्टि से बन्द कराते हुए ए रेटिंग के साथ 50.62% संतुष्टि वेटेज एवं कुल वेटेज 82.73% के साथ जिला पंचायत कटनी प्रदेश स्तर पर टॉप फाइव जिलों में शामिल रहा है।

### महावीर जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



**कटनी।** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी पार्षदों सहित रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने पहुंची। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए महापौर ने मौजूद समाज के लोगों से भाजपा को भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील भी की। जैन मिडिल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां पर युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया।

### बम्हनी के वार्ड तीन में नहीं मिलता पर्याप्त पानी

**ढीमरखेड़ा।** बम्हनी गांव में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। वार्ड नं. तीन के लोंगों को पानी नहीं मिल पाता है। यहाँ 10-15 मिनिट ही पानी सप्लाई की जाती है। जबकि गांव के अन्य वार्डों में 40 से 50 मिनिट तक पानी की सप्लाई की जाती है। जिससे अन्य लोंगों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाता है। और नल का पानी बहता भी रहता है। वार्ड नं. तीन के ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पति और उपसरपंच के द्वारा पानी सप्लाई कम कराई जाती है। ग्रामीणों के साथ भेदभाव किया जाता है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पहले सुबह शाम दोनों समय पर पानी की सप्लाई की जाती थी, लेकिन करीब एक महीने से पानी की दिक्कत है। शिकायत के बाद दो चार दिन पानी सप्लाई में सुधार हो जाता है और फिर वही समस्या ग्रामीणों को झेलनी पड़ती है।गर्मी के सीजन में तो ग्रामीण अधिक परेशान होते हैं।

## जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते हावी है मनमानी

# ओवरलोड भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से सड़कें हो रही खस्ताहाल, कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



इसमें कोई दो मत की बात नहीं कि सड़को के निर्माण व विस्तार की दिशा में कारगर प्रयास हुये है इससे पहले ऐसी तस्वीर सामने नही आई थी। गांव से मुख्य शहरो को जोड़ने हुये बेहद सार्थक प्रयासो में प्रशासनिक लापरवाही व वाहन चालको की मनमानी सामने आई है। ओवरलोड भारी वाहन सड़को का सत्यानाश कर रहे है। हाईवा वाहनो पर लगे पटरे तत्काल हटवाने निर्देश होने के बावजूद इसके अब तक न तो रसूकदारो के भारी वाहनो से पटरे हटाये गये।

दरअसल पत्थर, गिटटी, सीमेंट, कोयला, सरिया लोड भारी भरकम हाईवा बेरोकटोक सड़को पर दौड़ रहे है। 50-50 टन वजनी हाईवा जहां से भी गुजरते है वही सड़को की शामत आ जाती है। वाहनो के साइड लेते ही किनारे से सड़क टूटने के अलावा कभी दबकर ढाल बनने तो कही अधिक दवाब से गढडा बन जाता है। यदि सड़क एक बार उखड़ी तो फिर उसी पर से वाहनों की लगातार आवाजाही की वजह से उखड़ती चली जाती है और बिना किसी हादसा या हो हल्ला के मरम्मत भी नही होती।

### रस्मअदायगी की कार्यवाही

सड़को का दम निकाल रहे भारी भरकम ओवरलोड वाहनों पर कभी कभार ही दिखावे की कार्यवाही होती है। सबसे ज्यादा वाहन सुडडी, बसाड़ी, बड़वारा, उमरिया, चंदिया रोड होकर कटनी पहुंचते है। इन ओवरलोड वाहनों की कही भी जांच कार्यवाही हो सकती है लेकिन इस दिशा में न तो परिवहन अधिकारी न ही खनिज विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे पा रहे है। नतीजन सड़के बर्बाद हो रही है। ग्रामीण सड़को के अलावा शहर की अंदरूनी सड़को में भी भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से न सिर्फ सड़क खराब हो रही है बल्कि ओवरब्रिज पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### धमाचौकड़ी से मुसीबत

बायपास होने के बाद भी बीच बस्ती से भारी वाहनो की आवाजाही पर पूरी तरह विराम नही लग सका है। रिहायशी क्षेत्र से भारी वाहनो की आवाजाही से पूर्व में अनेक हादसे हो चुके है। अकाल मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके भारी वाहनो की आवाजाही नही थम रही है। जगह जगह पर सड़क में गड्ढे भी है इसी वजह से हादसे का अंदेशा बना रहता है। इतना सब होने के बावजूद समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। उखड़ी सड़क की गिट्टियां उचटकर लोगो को लगती है। नशे की हालत में वाहन चालन की बजह से हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। कार्यवाही नहीं होने से भारी वाहनो की धमाचौकड़ी और बढ़ गई है।

ओवरलोड भारी वाहनो पर नियमित कार्यवाही न होने के पीछे एक वजह राजनीतिक दल से जुड़े नेताओं के वाहन है। वाहनों की पहचान के लिये या तो उन पर नेताओं का सरनेम लिखा है या फिर पार्टियों के चिन्ह बने हुए है। ऐसे वाहनों को छोड़कर ही अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाती है जिनकी गिनती बेहद कम है। गौरतलब है कि टाटा, महिन्द्रा जैसी अनेक कंपनियों के हाईवा जिनकी क्षमता के हिसाब से बाडी तो बना दी गई है लेकिन ओवरलोडिग के लिये वाहन मालिको द्वारा अलग से पटरा लगाकर रेत ढोई जा रही है। इसी वजह से सड़के ध्वस्त हो रही है।



# खुदाई करते वक्त 20 फीट नीचे मिली हनुमान प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद विकासखंड के समीप जुजावल ग्राम पंचायत की जमीन में 20 फीट खुदाई करने पर हनुमानजी प्रतिमा निकली है। इस घटना को जुजावल के नागरिक भगवान का चमत्कार ही मान रहे है।

पंचायत जुजावल निवासी राजकुमार हल्दकार को महीनों से हनुमानजी स्वप्न में आते थे। उन्होंने बताया कि हनुमान जी स्वयं स्वप्न में आकर कहते थे कि जुजावल में एक स्थान पर मेरी प्रतिमा गड़ी हुई है। यह जानकारी राजकुमार ने ग्रामवासियों सहित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओ को बताई। तब सभी ने मिलकर स्वप्न में बताए गए स्थान पर बती सुबह से खुदाई कराई गई। शनिवार की सुबह के लगभग 10 बजकर 20 मिनट में लगभग 20 फीट खोदने के बाद हनुमान जी की प्रतिमा दिखाई दी। जिसे देखकर लोगों ने जोर जोर से जयकारा लगाना शुरू कर दिया। प्रतिमा दिखने के बाद ही वहां माहौल एकदम अलग दिखने लगा था। ग्रामवासी हनुमान की जयकारों लगाना शुरू हो गए। प्रतिमा निकलने के बाद नागरिकों ने नारियल प्रसाद चढ़ाना शुरू कर दिया। ग्रामवासियों सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मंत्री मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि जल्द ही हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना वेद मंत्रों द्वारा मंदिर में की जाएगी। ग्रामीणों अनुसार हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को है। जन्मोत्सव से पहले इस तरह घटना घटित होना एक तरह का चमत्कार ही है।

**लोकसभा निर्वाचन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन**

# हिदायत: किसी भी तरह की लापरवाही कर्मचारियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुए निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने आज 21 अप्रैल को सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान नगर निगम सीमांतर्गत सभी जोन के नोडल से उनके क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्र में की गई सारी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सभी जोन प्रभारियों के द्वारा अपने मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की। श्री शुक्ल द्वारा कहा गया कि सभी अधिकारी कर्मचारी यह सुनिश्चित कर लें कि प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सभी प्रकार की बुनियादी व्यवस्थाएं पूर्ण हो चुकी है अथवा नहीं, लोकसभा निर्वाचन हेतु अब समय बहुत ही कम शेष है। आगामी 25 अप्रैल के पहले एक बार पुनः सभी अपने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर अपनी की गई व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर ले। साथ ही यह विशेष ध्यान रखें कि मतदान केन्द्रों में पर्याप्त पेयजल, साफ -सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, कूलर एवं पंखे, समय पर मतदान दलों हेतु भोजन वितरण, कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की लापरवाही होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

अतः सभी अपने- अपने कर्तव्य का निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा निर्विघ्न, शांतिपूर्ण निर्वाचन करवाएंगे।बैठक के दौरान उपायुक्त नोडल अधिकारी पीके अहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा राजस्व अधिकारी निर्वाचन प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह अनिल जायसवाल, प्र.फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद कुमार प्यासी, उपयंत्री अश्वनी पांडे ,जेपी सिंह बघेल, पवन श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्यासी, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

### जिला सीईओ ने मतदाताओं को मतदान करने दिलाई शपथ



लोकतंत्र को समृद्ध और सशक्त बनाने जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने शनिवार की देर शाम विकासखंड कटनी के ग्राम इमलिया पहुंचकर कैंडल मार्च में शामिल होकर मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान सीईओ ने खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र में होने वाले 26 अप्रैल के मतदान दिवस पर बढ़-चढ़कर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। श्री गेमावत ने कहा कि आप सभी स्वयं मतदान करें और अपने आसपास के मित्रों, रिश्तेदारों, करीबियों को भी मतदान केंद्र तक पहुंचने में सहायता करते हुए प्रेरक बने। आपका एक छोटा सा प्रयास लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान के रूप में आहुति प्रदान करेगा। इस दौरान नागरिकों के साथ जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# नगर निगम द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली गई ई-रिक्शा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने हेतु जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कटनी नगर निगम द्वारा साप्ताहिक गतिविधियों के क्रम में आज प्रातः 10:00 बजे से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ई-रिक्शा रैली निकाली गई। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर निगम कार्यालय से रवाना किया गया, यह रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मिशन चौक,विश्राम बाबा से मुड़कर समदड़िया कॉलोनी,तांगा स्टैंड, चावला चौक, पोस्ट ऑफिस, संजय नगर, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (ईस्टलैंड, वेस्टलैंड) छपरवाह एन.केजे बजरिया होते हुए तिलक कॉलेज, शहडोल रोड ओवर ब्रिज गर्ग चौराहा, सुभाष चौक से नगर निगम कार्यालय कटनी में समापन किया गया। रैली में लगभग 100 से अधिक ई रिक्शा रहे, जिसमें लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व, लोकतंत्र में दे योगदान 26 अप्रैल 2024 को अवश्य करें मतदान के स्टिकर लगाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरांत निगम आयुक्त द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाकर उक्त मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त पी.के.अहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चित्रा प्रभात, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, प्र.फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद कुमार प्यासी उपयंत्री अश्वनी पांडे, पवन श्रीवास्तव, जेपी सिंह बघेल, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, शैलेंद्र प्यासी एवं निकाय के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**एसपी के निर्देश पर रीठी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**

# जांच अभियान के दौरान पुलिस ने तीन लाख 32 हजार का डिटर्जेंट किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रीठी थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सलैया सहायक उप निरीक्षक विजेंद तिवारी ने 3 लाख 32,000 डिटरजेंट पावडर तथा साबुन एस एस टी नाका अमगवां रैपुरा सलैया रीठी मे जप्त कर जांच की गई

सलैया चौकी के पुलिस बल द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के दिये दिशा निर्देश के पालन में संदिग्ध वाहनों की चैकिंग हेतु एस एस टी नाका अमगवां रैपुरा सलैया रीठी मे चैकिंग की जा रही थी। दौरान चैकिंग चौकी प्रभारी सलैया ए एस आई विजेंद्र तिवारी एस एस टी नाका प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति प्रधान आरक्षकअमर वैन आरक्षक अनिल सैनिक रमेश पटेल दिनांक 19/04/2024 को वाहनो कि चैकिंग कर रहे थे जो चैकिंग के दोरान फोर वहीलर तथा मोटरसाइकिल को रोककर चैक किया जा रहा था तभी एक एल पी डी वाहन कंमाक एम पी 20 जी बी 2961 का चालक वाहन जबलपुर तरफ से चलाकर लाया गाडी एल पी टी की तलाशी एस एस टी नाका रैपुरा पन्ना सलैया रीठी मे ली गई जिसमे भारी मात्रा मे नग मे निरमा साबुन डिटर्जेंट लिए मिला जिसकी बाजर मे कीमत 3 लाख 32 हजार रुपये की रखे मिला पुछताछ पर चालक ने अपना नाम पिता श्री संदीप दाहिया पिता तेजी लाल दाहिया उम्र 25 साल निवासी जबलपुर गोसलपुर का बताया जिसके कब्जा मे मिले डिटर्जेंट साबुन, निरमा का मोके पर बिल पेश नही किया जिसे गवाहो कि उपस्थित मे विधिवत जप्त कर पूछताछ की गई उकत डिटर्जेंट साबुन निरमा अपने मालिक जबलपुर के यहाँ से बडगांव दुकानदारों को देने जाना बताया। चालक ने वाट शाप के माध्यम से दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत किये तथा उकत दस्तावेज का तस्दीक, सत्यापन किया गया।

तत्पश्चात उक्त जब्त डिटर्जेंट के ई बिल 3 लाख 32 हजार का पेश किया जिसके तस्दीक के बाद चालक संदीप दाहिया निवासी जबलपुर को वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर मुनासिब हिदायत देकर सुपुर्द किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा चौकी प्रभारी सलैया सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र तिवारी मेजर अमर बैन आर अनिल यादव राजेश रंजन सैनिक रमेश पटेल तथा नाका प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति के द्वारा कार्यवाही की गई।

### कटायेघाट सुरम्य पार्क में मतदाता जागरूकता के लिए हुई गतिविधियां

# गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य से दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र खजुराहो के मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु नगर निगम द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत कटाये घाट सुरम्य पार्क में लोकतंत्र का पर्व के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया इसके उपरांत मतदाता गीत ,सामूहिक नृत्य मतदाता जागरूकता भाषण,नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता के इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप मिश्रा द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन हेतु अधिक से अधिक मतदान हेतु सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निरंतर मतदाता अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित कर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है, अतः 26 अप्रैल 2024 को सभी मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देकर अपना कर्तव्य अवश्य निभाएं एवं अपने आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर चित्रा प्रभात, साधुराम उच्चतर माध्यमिक शाला, के.सी,एस कन्या शाला एवं ए रविंद्र राव शाला के शिक्षक व विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता को लेकर अपनी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया

### शिक्षिकों एवं छात्रों को कलम देकर किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर एवम उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला, एसडीएम प्रदीप मिश्रा, उपायुक्त पी.के.अहिरवार, कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी, उप यंत्री अश्वनी पांडे मृदुल श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव जेपी सिंह बघेल मोना करेरा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



# कार्य में लेट लतीफी पर अधिकारियों को फटकार

**ई लाइब्रेरी कार्य का किया औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा रविवार को के.सी.एस उच्चतर माध्यमिक शाला में डीएमएफ से स्वीकृत ई लाइब्रेरी कार्य की प्रगति के संबंध में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार द्वारा कार्य में की जा रही लेट लतीफी से संबंधित तकनीकी अधिकारियों को काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए एवं कार्य में प्रगति लाने के साथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी स्थल पर उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में बंदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शनिवार को जिला जेल पन्ना में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतम शाह ने जेल बंदियों को उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन बंदियों को जमानत का लाभ देने संबंधी आदेश और जमानत आदेश उपरांत जमानत प्रस्तुति में आने वाली समस्याओं के निराकरण के बारे में जानकारी दी। साथ ही सौदे के अभिवाक को सरल भाषा में सभी बंदियों को समझाया गया और सहायता के लिए जेल में भेजे जा रहे लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम से अपने लंबित प्रकरणों की प्रगति के संबंध में चर्चा व समाधान के बारे में अवगत करवाने का भी आह्वान किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा प्ली ऑफ बारगेनिंग के प्रावधान व प्रक्रिया, बंदियों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, यूटीआरसी के क्रियान्वयन, पेरोल, समय पूर्व बंदियों की रिहाई इत्यादि कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। चिकित्सक डॉ. शोभित तिवारी, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, डॉ. नीलम पटेल, डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. डी.पी. प्रजापति सहित मेडिकल स्टॉफ द्वारा महिला-पुरूष बंदियों का चिकित्सकीय परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों तथा पैरालीगल वॉलेंटियर द्वारा भी बंदियों को विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की गई।

### किरतपुर सरपंच ने दिए कन्याओं के विवाह में उपहार

**पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की कीरतपुर ग्राम पंचायत में मैं सामूहिक रूप से इस वर्ष होने वाले गांव की कन्याओं के विवाह में उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान कीरत पुर सरपंच ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिन कन्याओं का विवाह हो रहा है उन्हें प्रत्येक वर्ष इस तरह का उपहार दिया जाए जिससे गरीब लोगों की मदद हो जाती है अच्छी उपहार से लोगों को खुशी भी होती है उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष इस तरह उपहार दे रहे हैं और आगे भी कन्याओं के विवाह में उपहार देते रहेंगे। कन्याओं के परिजनों और उनको फ्रिज,कूलर, अलमारी जैसे उपहार प्रदान किए गए। जिन्हें महंगे उपहार दिए गए। सरपंच बबीता रामबाबू गौतम के इस सकारात्मक सोच और जनकल्याण की इस कार्य की ग्राम पंचायत में प्रशंसा हो रही है। इस दौरान ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नेता सम्मानित लोग तथा कन्या एवम वर पक्ष के लोग शामिल रहे।

वन विभाग की एसडीओ पहुंची, दोपहर से शाम तक चली जांच

# जंगल के पत्थरों व मुरम से बन रहा करोड़ों की लागत का तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





जबेरा जनपद के ग्राम पारना में सिंचाई विभाग के द्वारा करीब 18 करोड़ की लागत से तालाब निर्माण किया जा रहा है जिसमें जंगल के पत्थरों और मुरम का धडल्ले से उपयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। हैरानी की बात यह जंगल की पत्थर और मुरम का बड़ी तादात में ठेकेदार द्वारा सिंचाई विभाग के एसडीओ की मौजूदगी में किया जा रहा है जिसकी खबर लगते ही वन विभाग का अमला एसडीओ रेखा पटेल की मौजूदगी में जांच करने पहुंचा है। यह जांच सुबह 11:00 से शाम के 5:00 बजे तक होने के बाद भी एसडीओ रेखा पटेल के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है। तालाब निर्माण में अवैध तरीके से जंगल की पत्थर और मुरम का कितना उपयोग किया वन विभाग के द्वारा कितनी जप्ति बनाई गई है। ठेकेदार के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है इसकी जानकारी वन विभाग के द्वारा अभी तक नहीं दी जा रही है। बता दें करोड़ों की लागत से बनने वाले इस तालाब की पिचिंग बनाने में अच्छी क्वालिटी की पत्थर लगाने का स्टीमेट है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा घटिया जंगल से पत्थरों का उपयोग करके पिचिंग बनाई जा रही है जबकि तालाब निर्माण कार्य के लिए जंगल से पत्थर उठाने एवं मुरम निकासी करने की वन विभाग के द्वारा कोई अनुमति देने का प्रावधान नहीं होता। बावजूद इसके ठेकेदार के द्वारा जंगल से पत्थर एवं मुरम निकालकर तालाब निर्माण किया जा रहा है अब देखना होगा जंगल से अवैध उत्खनन करके बड़ी तादात में तालाब की पिचिंग बनाने के लिए पत्थरों का उपयोग किया गया है वहीं अवैध उत्खनन करते हुए जंगल मुरम निकाली गई है ग्रामीणों का आरोप है ठेकेदार के द्वारा लंबे समय से जंगल के पत्थरों एवं मुरम का उपयोग तालाब निर्माण में किया जा रहा है। डीएफओ महेंद्र सिंह उइके ने बताया पारना जलाशय के निर्माण में जंगल के पत्थरों एवं मुरम का उपयोग ठेकेदार के द्वारा किए जाने की सूचना पर एसडीओ रेखा पटेल की नेतृत्व फर्स्ट टीम को जांच के लिए भेजा गया है। अभी तक टीम के द्वारा जांच रिपोर्ट नही भेजी गई वहीं एसडीओ रेखा पटेल तेंदूखेड़ा एवं रेंजर नीरज पांडे तेजगढ़ को बार-बार फोन लगाने पर फोन रिसीव नहीं किया गया है । जिससे जंगल के पत्थरों एवं मुरम की उपयोग से बनाए जा रहे पारना तालाब के ठेकेदार पर क्या कार्यवाही की गई है इसकी जानकारी वन विभाग की जांच टीम द्वारा अभी तक नहीं दी गई है।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया



**हटा।** जियो और जीने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ संपूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में समस्त जैन समाज द्वारा रविवार को हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाल कर मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः नगर के चारों जिनालयों में अत्यंत भक्ति भाव के साथ अभिषेक ,शांतिधारा ,पूजन, विधान हुआ ।भगवान महावीर पूजन हुआ। पालना झुलाया गया। दोपहर में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो श्री पारसनाथ त्रिमूर्ति मंदिर होकर मुख्य मार्ग से होती हुई रतन बजरिया जैन मंदिर पहुंची। जहां पर आरती ,वंदना के पश्चात उसी मार्ग से वापस होती हुई श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नावघाट होती हुई बड़ा बाजार स्थित जैन बेदी प्रांगण पहुंची ।जहां पर विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। ध्वजारोहण किया गया ,श्री जी का अभिषेक शांति धारा पूजन हुई । कलश अभिषेक फूलमाला ,ज्ञानमाला की बोली लगाई गई। कार्यक्रम में सकल जैन समाज की उपस्थिति रही। शोभायात्रा वापस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।

# महावीर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया




**पथरिया।** नगर में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी 21 अप्रैल 2024 को महावीर भगवान का जन्म कल्याणक महामहोत्सव बड़े ही हषोल्लास धूमधाम से मनाया गया जिसमे प्रातः काल श्री जी की शोभा यात्रा पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बड़े मंदिर से 7:30 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों संजय चोराहा बंडा तिगड्डा से होकर वापिस श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर जी पहुँची तत्पश्चात मंगलाष्टक,अभिषेक और शांतिधारा हुई जिसमें जैन समाज के सभी व्यक्तियों की उपस्थिति रही, श्री जी की शोभायात्रा अभिषेक शांतिधारा संपन्न होने तक जैन समाज पथरिया के प्रतिष्ठान बंद रहे शोभायात्रा बहुत ही भव्य तरीके से निकाली गयी जिसमे शहनाई, ढोल नगाड़ों, सांस्कृतिक भजनों के गायन द्वारा भव्यता से महावीर जयंती मनाई गई। इस पावन पर्व पर अभिषेक करने का सौभाग्य प्रतीक सराफ,कमलेश चौधरी,राहुल चौधरी,गोलू बड़कुल को प्राप्त हुआ। रात्रिकालीन कार्यक्रम में भगवान का पालना और महाआरती का आयोजन भी मंदिर में किया जाएगा।

# बच्चों को वितरित की आवश्यक सामग्री



**दमोह।** अग्रवाल महिला महासभा प्रतिवर्ष दमोह जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को सहायता प्रदान करती है। इस वर्ष सिमरी राजाराम ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में अग्रवाल महिला महासभा पहुंची। इन्होंने इस विद्यालय में शिक्षण सामग्री तथा टिफिन एवं बाटल का वितरण किया महिला महासभा की प्रांतीय महामंत्री श्रीमती रमा अग्रवाल के निर्देशन में यह का संपन्न हुआ। इन्होंने अपने उद्बोधन में नैतिकता और बच्चों के भविष्य की काउंसलिंग की मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा दमोह इकाई द्वारा बाल मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चो का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया, सर्व प्रथम महिला महासभा की सदस्यो का जैसे ही शाला परिसर में प्रवेश हुआ बच्चो द्वारा पुष्प वर्षा की गई। पश्चात सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक भूपेंद्र जैन द्वारा शाला की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया , साथ ही महिला महासभा की मातृ शक्ति ने सदाचार और अनुशासन का विद्यार्थी जीवन में कितना महत्वपूर्ण है विषय को संबोधित किया। शाला की बेटियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, अंत में कार्यक्रम की सभी महिला सदस्यो ने शाला को आनंद घर के रूप में परिवर्तित करने वाले शिक्षक भूपेंद्र जैन के सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रसंशा करते हुए भविष्य में सहयोग करने की भावना व्यक्त की। इस कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा बच्चों को संबोधन श्रीमती अंजलि अग्रवाल उप मंत्री निशा मीडिया प्रभारी श्रीमती मंजू श्रीमती गीता श्रीमती अर्चना श्रीमती आशा श्रीमती महिमा श्रीमती शैल श्रीमती गरिमा आदि नेकिया अंत में शाला से सीला कटारे ईश्वर चक्रवर्ती ने आभार व्यक्त किया।

# दो बूंद जिन्दगी के लिए, एक वोट देश के लिए : अनीता सिंह




**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन स्वीप अभियान के जिला सदस्य एवं शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल अभाना के प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर के सानिध्य में दमोह के ग्रामीण क्षेत्रों,शहरी क्षेत्रों, जिला चिकित्सालय, जिला क्षय केंद्र, दमोह एवं सिविल वार्ड नंबर 6 में निवासरत नागरिकों के द्वारा दिनांक 26 अप्रैल को मतदान के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी अभियान की शुरुआत की गई है। जिसमें उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ्य महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता राजपूत के द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हस्ताक्षर अभियान एवं मतदान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मतदाताओं के साथ साथ सभी नवीन मतदाताओं से वोट करने की अपील की जा रही है। जिसमें समिति की सचिव श्रीमती वर्षा शुक्ला, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं समिति के सदस्यों के द्वारा आदि मतदाता नागरिकों को मतदान कराने हेतु मतदाता शपथ दिलायी जा रही है एवं वोट डालने जाना है अपना कर्तव्य निभाना है, अपना वोट निडर और निर्भय होकर देने के लिए, आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है, उपरोक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ्य महिला समिति, दमोह से श्रीमती अनीता राजपूत, श्रीमती वर्षा शुक्ला, नरेंद्र सिंह, दुर्गेश परोहा, श्रीमति डॉक्टर मनीषा सिंघाई, श्रीमती सरस्वती धुर्वे, श्रीमती लीला सोनी, श्रीमती अर्चना राय आदि पदाधिकारीयो के द्वारा सभी को अपने वोट के अधिकार के बारे में जानकारी दी। सभी उपस्थित नागरिकों को 26 अप्रैल 2024,दिन शुक्रवार, को 100 % मतदान की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई, मतदान जन जागरूकता स्वीप अभियान मैं सभी का आभार दीपक सिंह राजपूत ने माना।

### हनुमान प्रकटोत्सव पर धनुषधारी मंदिर में होगें विविध आयोजन



**हटा।** आगामी मंगलवार के दिन मनाई जानें वाली हनुमान जंयती के अवसर पर नगर के सभी हनुमान मंदिरो में तैयारियां चल रही है वही नगर के पन्ना नाका के आगे सिद्ध क्षेत्र धनुषधारी मंदिर में हनुमान जयंती पर विविध आयोजन किए जा रहे है।मंदिर के पुजारी प्रभुदयाल मिश्रा द्वारा बताया गया कि सोमवार के दिन रामायण पाठ मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा पाठ के साथ सवा किलो कपूर से अंजनी पुत्र हनुमान की मंगल आरती की जाएगी।आरती उपरांत मंदिर प्रागंण में भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें आयोजको द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करें।

# पंचायत चुनाव आया तो गड्ढे खुदे, विधानसभा का चुनाव आया तो दिवारें बन गई, लोकसभा का चुनाव आते ही छत डल गई

**बेसकीमती जमीन पवई सलेहा मार्ग के मध्य पटना तमोली गांव में सड़क किनारे तालाब की जमीन पर अतिक्रमण का नायाब तारीका पंचायत चुनाव के समय गड्ढे खुदे, विधानसभा चुनाव के समय दिवाल लेबिल तक, लोकसभा चुनाव के समय अब छत डल गई। यह आचार संहिता के समय अतिक्रमणकारियों ने वेश कीमती जमीन तालाब पर अतिक्रमण कर बनाये आशियानें। जिम्मेदार अधिकारी चुनाव में अपनी व्यस्तता कर रहे जाहिर शासकीय जमीन में अतिक्रमण जारी। आखिर कानून पर भरोसा कैसे।**

**पन्ना।** जिले में किस तरह से कानून का राज माना जाये कुछ कह पाना कठिन है। कहने को तो आचार संहिता के समय अधिकारी ही अपने आप में ताकत वर माने जाते है। सफेद पोस धारियों का दबदबा कम हो जाता है। पर जिले में अजीबो गरीब दास्ता है। यहां चुनाव आचार संहिता के समय अतिक्रमणकारी वेश कीमती जमीनों पर अतिक्रमण करने का प्लान के साथ सपना पूरा करते है। ऐसी ही दास्ता जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत पवई से सलेहा मार्ग के मध्य पटना तमोली ग्राम पंचायत आती है। जहां तालाब सड़क किनारे है वेश कीमती जमीन है जिस पर अतिकणकारियों ने पंचायत चुनाव के समय आचार संहिता का लाभ उठाया गड्ढे खोदे वहीं विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान कालम बनाकर दिवाले खड़ी कर ली। लोकसभा का चुनाव आते ही इस आचार संहिता में छत डाल ली। ये है अतिक्रमणकारियों का सपना शासकीय जमीन पर कब्जा करके अपने आशियाने बनाने को लेकर जो आज पटल पर साबित है। यह है अतिक्रमणकारियों के ऊपर चुनावी आचार संहिता के समय जिम्मेदार शासकीय अधिकारियों की मेहरबानी। जो पंचायत से लेकर जिला स्तर तक अपने आप में चुनाव व्यवस्थता की चादर ओढ़कर अतिक्रमणकारियों पर मेहरबान है। तभी तो वेश कीमती शासकीय जमीन तालाब की खत्म करके आशियाने बनाये जा रहे है। आखिर सदियों पुराने तालाब की जमीन आज आशियाने के रूप में तब्दील होती जा रही। सार्वजनिक तालाब में पशुओं तथा पक्षियों आदि के लिए तो पानी उपलब्ध रहता ही है उनके लिए भी नसीब नहीं होगा। वहीं जब आम आदमी स्वयं के हित को प्राथमिकता देता है तो सार्वजनिक हित की बली चढ़ जाती है यह दास्ता जिले की गुनौर तहसील पटना तमोली ग्राम पंचायत में है। इतना ही नहीं अगर इस जमीन को लेकर जांच पड़ताल की जाये तो क्रमबद्ध तरीके से लोगों ने अतिक्रमण किया है। भले ही स्थगन आदेश जारी हुए पर सायद वह स्थगन आदेश उन्हें मदद को लेकर राह तय कर रहे हों। पुलिस स्थगन आदेश से अनभिज्ञता जताती है या अंजान बनी रहती है।

# धनवान व्यक्ति वही है जो तन-मन से सेवा भक्ति करे : पं उमाशंकर शास्त्री



**बनवार।** विवेकानंद विद्यालय परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा मैं पंडित उमाशंकर शास्त्री के द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई। जिसमें श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वहीं आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए कथाचार्य जी ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री मंत्र का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दी मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा खोल मुख माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा ने देखा कि मुख में चर-अचर संपूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दिखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज, ब्रज में नंद बाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी।

# जो जैसा कर्म करता है वैसा फल मिलता है : आचार्य श्री समयसागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कर्मों का आश्रय जो हो रहा है उसको रोकना है उसका निरोध करना है और निरोध करने के लिए विभिन्न प्रकार के साधन आगम के माध्यम से उपलब्ध हो सकते हैं ।उसमें एक अनुप्रेक्षा को प्राथमिकता देते हुए कल विषय रखा था इस विषय को जो गुरुदेव ने समय-समय पर जो दिया है उसी को समय-समय पर हम स्मरण में लाने का पुरुषार्थ कर रहे हैं। उन्होंने एक बार में नहीं कई बार प्रसंग पढ़ाया है कि चिंतन जो होता है वह पर्याय का भी विषय बनाकर चिंतन होता है और पर्याय को भी विषय बनाकर किया जा सकता है ।बहुत अनोखी बात उन्होंने यह कही है कि द्रव्य का चिंतन करने से भीती समाप्त होती है और पर्याय का चिंतन करने से वैराग उत्पन्न होता है ।आप क्या चाहते हैं भीती से ऊपर उठना चाहते हैं तो आप किसका सहारा लेते हैं समझने के लिए सामने व्याग्र आ गया अथवा बहुत बड़ा विशाल अजगर जिसको बोलते अगर इस सभा में अजगर आ जाए तो निश्चित रूप से भय की उदीयता होगी ।ध्यान देने की बात यह है कि हम या आप व्याग्र से डरते सर्पादिक से डरते है क्यों डरते हैं सत्य यह है हमें मृत्यु से भीती होने के कारण उस व्याघ्र या क्रूर स्वभाव वाले तिर्यंच होते उनसे बचाने का पुरुषार्थ करते ।जिसे मृत्यु का भय नहीं है तो सामने भी बैठे पीछे भी बैठे आगे बैठे उसके बीच में वह बैठेंगे और द्रव्य का चिंतन करेंगे सोचो विचार जो गुरुदेव चिंतन करते हैं हम और आप भी चिंतन करते प्रयोग चिंतन करो भीती समाप्त होगी ।दोहा लिखा है ।अंत किसी का कब हुआ अनंत सभी संत, पर सब मिटता सा लगा पतझड़ पुनः बसंत ।पदार्थ की ना उत्पत्ति होती ना पदार्थ का विनाश होता है भय से ऊपर उठना चाहो तो द्रव्य का चिंतन करो स्वभाव का चिंतन करो ।स्वभाव का अर्थ प्रत्येक पदार्थ का अपना अपना स्वभाव है उसका चिंतन करो तो आकर्षक विकर्षण समाप्त होगा। भीती उत्पन्न नहीं होगी ।सात प्रकार के भय हैं ।आचार्य महाराज पढ़ा रहे थे पूछा कितने प्रकार के भय होते हैं एक महाराज ने कहा आठ प्रकार के भय होते हैं ।आचार्य महाराज ने कहा हमने पढ़ाया है सात प्रकार के भय होते सबको ज्ञात है सात प्रकार के भय होते हैं आठवां वह जो आपको डर भीती उत्पन्न होती है ।गुरुदेव ने कहा मुझसे क्यों डरते हो तुम पाप से डरो पाप भीरु होना चाहिए।श्रमण के लिए संसारी प्राणी नरक जाने से डरता है किंतु नरक में कारण भूत जो सामग्री होती उससे बचना चाहता है ।सन 87 की बात है आचार्य महाराज का चातुर्मास थोवन जी में हुआ संघ के साथ हुआ ।उस समय अपराह्न बेला में आचार्य भक्ति संपन्न हुई और मेरे पास एक सज्जन आए उन्होंने हाथ जोड़कर निवेदन किया मुझे डर लगता है । किससे डर लगता है महाराज स्वाध्याय करने से हमें डर लगता है ।क्यों इस प्रकार के परिणाम करने से तिर्यंच आयु का बंध होता है ।इस प्रकार के परिणाम करने से अनेक प्रकार के कर्मों का बंध होता है ।यह चर्चा आगम में मिलती है इसलिए मुझे डर लगता है नर्क जाने से क्यों डरते हो नरक जाने के जो कारण है उनसे बचो तो भगवान मेरा भविष्य कैसा रहेगा एक प्रसंग और स्मरण में आ रहा महाराज हमने सुना है अनेक व्यक्तियों के मुख से हमने सुना है महाराज आप भविष्य जानते हैं ।मान लो एक व्यक्ति चोरी कर रहा है तो उसका भविष्य जेल होगा ।यह पक्की बात है जो जैसा कर्म करता है निश्चित रूप से वैसा फल मिलता है ।आगम के अनुरूप में बात कर रहा हूं गुरुदेव ने जो बात आगम के अनुरूप रखी है वही मैं बात कर रहा हूं परिणामों के आश्रित ही भविष्य होगा।

खबर संक्षेप

## सर्प दंश से वृद्ध महिला की मौत

**हटा।** हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम रसीलपुर में एक वृद्ध महिला की सर्प के काटने से मौत हो गई पुलिस में सिविल अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर घटना में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रसीलपुर निवासी रामकली पति घनश्याम अहिरवार उम्र 60 वर्ष जो अपने घर में खाना बना रही थी इसी दौरान कंडा निकालते समय अचानक सर्प ने काट लिया जिसे तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन परिजनों द्वारा जिला अस्पताल से उपचार कराने के बाद उसे घर लाया गया जहां उसकी मौत हो गई हटा पुलिस को सूचना मिलने पर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराने उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया।

## गौरीशंकर तिराहे से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 23 अप्रैल दिन मंगलवार को शाम 6:30 बजे गौरीशंकर चौराहे पर स्थित श्री हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाना है यह शोभायात्रा गौरीशंकर चौराहे से प्रारंभ होकर महाकाली चौराहा, बड़ापुल, धगट चौराहा, घंटाघर, सराफा बाजार, टॉकीज चौराहा, पुराना थाना, सिटीनल से होते हुए वापस गौरीशंकर चौराहे पर स्थित श्री हनुमान मंदिर में विषर्जित होगी, उक्त कार्यक्रम में झांकियां गाँजेवाजे के साथ निकलेगी। गौरीशंकर चौराहे पर श्री हनुमान मंदिर में सम्मिलित होने भक्तगण बड़ी मात्रा में फुटेरा वार्ड नंबर 1 गडरयाउ से पठानी मुहल्ला होते हुए शोभायात्रा में शामिल होने आएंगे, युक्त रूट पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आवश्यक निर्देश जारी करने हेतु निवेदन है।

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर जिलेभर में धमधाम से हुये विविध आयोजन

# जियो और जीने दो के संदेश के साथ निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह में महावीर भगवान के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर वाणी भूषण ब्रह्मचारी संजीव भैया कटंगी के निर्देशन में श्री जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री विधायक जयंत मलैया के अलावा समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे। प्रातः काल श्रीजी की शोभायात्रा सिटी नल से प्रारंभ होकर पुराना थाना बकौली चौराहा नगर के हृदय स्थल घंटाघर से होती हुई नसिया जैन स्कूल पहुंची जहां पर श्री जी का अभिषेक पूजन एवं शांति धारा संपन्न हुई शहर के अंदर शोभायात्रा का स्थान स्थान पर स्वागत किया गया श्रीजी की आरती उतारी गई एवं श्रीफल अर्पित किए गए शोभा यात्रा के आरंभ में अश्व रथो पर सवार समाज के प्रतिष्ठित गण चल रहे थे पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में धर्म ध्वजा लिए महावीर भगवान की जय बोल रहे थे बड़ी संख्या में महिलाएं पीत्त वस्त्र एवं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र में जयकारों के साथ मंगल गीत गा रहे थे वसुंधरा नगर का छोटे बच्चों का दिव्य घोष दिव्य ध्वनि निकल रहा था। श्रीजी की शोभायात्रा जैन स्कूल पहुंचने पर पंडित आशीष एवं पंडित प्रदीप शास्त्री के निर्देशन में श्री जी के अभिषेक एवं शांति धारा के लिए बोलियां संपन्न की गई अहिंसा के इस महापर्व पर संजीव भैया के द्वारा 51 दानवीरों के नाम की घोषणा की



गई जो 50 प्रतिदिन गौशाला के लिए दान करेंगे श्री जी की शांति धारा अभिषेक के पूर्व ब्रह्मचारी संजीव भैया ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि महावीर भगवान के अहिंसा का उपदेश तभी सार्थक होगा जब हम गौशाला के लिए खुले हृदय से दान करें क्योंकि सुमेरु पर्वत के बराबर भी किया गया दान एक जीव रक्षा से कम ही होता है आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज मुक प्राणियों की रक्षण सदैव तत्पर रहते थे आचार्य श्री जो कार्य छोड़कर गए हैं उनके सपनों को हमें पूर्ण करना है दमोह वह सौभाग्यशाली शहर है जहां गुरुदेव के पावन चरण एक जैन विद्यालय के शिलान्यास हेतु पड़े थे उनके उसे सपने को साकार करते हुए एक शानदार जैन विद्यालय की स्थापना की जा रही है उसमें समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपना हर संभव सहयोग प्रदान करें।

### प्राचीन प्रतिमा पर सूर्य तिलक अभिषेक जैसा नजारा

**दमोह।** सैकड़ो साल पहले जब हमारे बुजुर्ग मंदिरों का निर्माण कराते थे तो उसमें वास्तु के साथ प्रतिमाओं पर पढ़ने वाले सूर्य के प्रकाश का भी ध्यान रखते थे। लेकिन धीरे-धीरे नव निर्माण के चलते यह सब ध्यान देना बंद हो गया और अधिकांश मंदिरों के गर्भ ग्रह कृत्रिम प्रकाश पर निर्भर होकर रह गए। महावीर जयंती के अवसर पर दमोह नगर के मध्य स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी की महावीर बेदी पर सूर्य तिलक अभिषेक का नजारा देखकर भक्त अभिभूत होते नजर आए। दरअसल सैकड़ो साल पहले मंदिर जी की इस बेदी का निर्माण किया गया था भगवान महावीर की सफेद मार्बल की भव्य प्रतिमा मुलनायक के रूप में स्थापित की गई थी। उसे समय महावीर जयंती की क्षेत्र शुक्ल त्रयोदशी तिथि को ध्यान में सूर्य के प्रकाश का ऐसा इंतजाम किया गया था कि सुबह के समय सूर्य का प्रकाश सीधा महावीर स्वामी की मुख्य प्रतिमा के चेहरे पर पढ़ता हुआ आगे बड़े।

### सिंग्रामपुर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर में जैन समुदाय द्वारा रविवार को भगवान महावीर जयंती ग्राम में धूमधाम से मनाई गई। सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई 8 बजे शोभा यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे बाजे भक्ति उत्साह के माहौल में निकाली गई घर-घर में भगवान महावीर की भक्ति उत्साह माहौल के बीच घर घर-घर रंगोली सजाई गई। मंदिर प्रांगण में श्री जी का अभिषेक शांतिधारा पूजन पाठ का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ पाठशाला की बहनों द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। वह शाम को मंदिर जी मैं आरती प्रवचन बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाज के लोगों ने भगवान महावीर की प्रतिमा को सजाकर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

### वीर प्रभु की जगह जगह आरती उतारी



**तेंदूखेड़ा।** रविवार को 24 वें तीर्थंकर 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। सुबह से सकल जैन समाज के लोग नगर के भगवान पाषर्र्वनाथ जिनालय एवं भगवान शांतिनाथ जिनालय में एकत्रित होकर भगवान महावीर जी का शांतिधारा, अभिषेक, पूजन-अर्चन किया गया। इसके बादं भगवान श्रीजी की पालकी सजा कर बड़ी धूम धाम से बैंड बाजों, डीजें के साथ भगवान महावीर जी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में माताएं, बहिने, बच्चे, बूढ़े सभी भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थें। साथ ही जगह जगह जैन परिवार द्वारा अपने अपने घरों के सामने रंगोलिया सजा कर भगवान महावीर स्वामी की आरती उतार कर पूजन अर्चन किया। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए शांतिनाथ जैन मंदिर पहुची जहां पर विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद पुनः शोभा यात्रा मंदिर जी पहुंची जहां पर अभिषेक पूजन हुआ। संध्या काल में दीपो से भगवान महावीर जी की महा आरती की गई। भगवान का पालना भी झुलाया गया। साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। ऐसे ही ग्राम सारसबगली में भी भगवान श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई इस दौरान जियो और जीने दो की नारे लगाए गए। इसके पहले भगवान का अभिषेक पूजन किया गया।

### महावीर जयंती धूमधाम से मनाई



**हिंडोरिया।** नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र के दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर मंदिर को लाइटों के द्वारा सजाकर विशेष आकर्षक बनाया गया था जिसकी छटा देखने योग्य थी। सुबह 7:00 से नित्य पूजन, महावीर पूजन, आरती, शांति धारा संपन्न हुई। शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमती शांतिबाई, श्रीमती माया जैन, श्रीमती प्रतिभा जैन, सेजल एवं महेश कुमार, राजकुमार, विमलेश कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार, श्रेयांश कुमार, उत्तमचंद जैन समनापुर वालों को प्राप्त हुआ। भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो आज विश्व में अति आवश्यकता है। पूजन के पश्चात में मार्केट में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मंदिर में आज भगवान महावीर का जन्म महोत्सव धूम धाम से मनाया है।

### झलौन में भव्य शोभायात्रा निकाली



**झलौन।** सकल दिगंबर जैन समाज झलौन के द्वारा प्रातः 7 बजे चंदा प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में नीचे की वेदी में श्री जी का पूजन अभिषेक शांतिधारा के उपरान्त श्री जी को विमान में विराजमान कर डीजे बाजे केसरिया धर्म ध्वजा लेकर बच्चों महिलाओं पुरुषों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जयकारो का उद्घोष करते हुए भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए बस स्टैंड चौराहे पर एक सभा में परिवर्तित कर श्री जी का सकल समाज की पुरुष महिलाओं द्वारा पूजा आरती बंदन जयकारो का उद्घोष करते हुए शिक्षक जितेंद्र जैन द्वारा सत्य के प्रवाचक जियो और जीने दो के प्रथम उद्घोषक अहिंसा की संवाहक आत्म कल्याण के संदेश वाहक जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी जी के 2623 में जन्म कल्याणक महोत्सव पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर सुरेश जैन पदम जैन राजेंद्र जैन जय कुमार जैन चक्रेश जैन पवन जैन शीलचंद जैन कुंदन जैन महेंद्र जैन ब्रितेश जैन अशोक जैन विनोद जैन मुकेश जैन जवाहर जैन मनोज जैन विनय जैन राकेश जैन त्रिलोक जैन समय जैन रोहित जैन मृगांक जैन शैलेश जैन सतीश जैन, आशीष जैन, सचिन जैन आदि सभी जैन समुदाय के पुरुष महिलाओं ने अपने अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर श्री जी के समक्ष झूम झूम कर नृत्य करते हुए आरती बंदन जयकारो के साथ राहगीर दर्शकों को फल केले बांट कर महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## नरगुवां मठ के पास प्राचीन मूर्तियों को अज्ञात लोगों ने किया खंडित

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार एवं रविवार की दरम्यानी रात में ग्राम नरगुंवा में हनुमान मठ के पास विराजमान प्राचीन देवी देवताओ के मूर्तियो को अज्ञात लोगो के द्वारा तोड़कर खंडित किया गया है। साथ ही वहां के शमषानघाट में अज्ञात लोगो के द्वारा खुदाई भी की गई है। जिसको लेकर हनुमान मंदिर के अध्यक्ष दलसिंह लोधी के अलावा हिन्दु संगठनो के पदाधिकारियों



कार्यकर्ताओ के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही लोगो ने प्राचीन मूर्तियो को तोड़ने की घोर निंदा की है। दलसिंह लोधी ने बताया कि शनिवार की शाम को लोग पूजा करने मंदिर गए थे और लगभग रात 9 बजे लोटे थे। उस समय सब ठीक था लेकिन रविवार की सुबह 7 बजे पुनः मंदिर गए तो देखा की मंदिर परिषर में विराजी तीन मूर्तिया खंडित मिली थी जिसकी जानकारी ग्राम के लोगो को भी दी गई। ज्ञात हो कि नरगुवां का हनुमान मठ बहुत पुराना है। पहले हनुमान जी एक पेड़ के नीचे विराजमान थे लेकिन ग्रामवासियों ने हनुमान जी का मंदिर बनाकर मंदिर के अंदर हनुमान जी को विराजमान किया था। जिसकी हर वर्ष वर्षगाठ भी मनाई जाती है। इसके आलावा इस ग्राम के आसपास जमीन में खुदाई करने पर मूर्तिया भी निकलती है। पहले भी खुदाई करने पर कई मूर्तिया निकली है। जिस कारण अज्ञात लोग धन की लालच में भी खुदाई करते है। लेकिन कभी मूर्तियों को खंडित नही किया है। लेकिन इसवार तीन मूर्तियो को खंडित किया गया है। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी फेमिदा खान ने बताया कि रविवार को सूचना मिली थी कि नरगुवा हनुमान मंदिर में देवी देवताओं की मूर्तियो को अज्ञात ने तोडकर खंडित की गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष के द्वारा आवेदन दिया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। साथ ही अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मुनि प्रमाणसागर जी एवं मुनि पवित्रसागर जी आदि मुनिराजो का दीक्षा दिवस मनाया...

## कुंडलपुर में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर हुये विविध आयोजन



**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चर्तुविध संघ के मंगल सानिध्य में प्रातः 6:30 बजे प्रभात फेरी श्री जी का पालना भगवान महावीर स्वामी के चित्र के साथ गाजे-बाजे से मानस्तंभ परिसर से प्रारंभ होकर बड़े बाबा मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, मुनि संघ एवं आर्यिका संघ की भी उपस्थिति रही।बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन ,महावीर पूजन एवं पूज्य मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए । इस अवसर पर अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य सौभाग्य मल जी राजेंद्र संतोष पुष्पेंद्र रोहन मानस कटारिया परिवार अहमदाबाद ,अनिल कुमार मनोज कुमार मुलायम चंद परिवार ललितपुर ,प्रभात जैन प्रशांत जैन परिवार को प्राप्त हुआ हजारों की संख्या में लोगों ने पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक कर पुन्यार्जन किया। आचार्य श्री की पूजन हुई एवं गुणांयतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज एवं मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ,मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज, निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ,आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए।दोपहर 3:30 बजे श्री जी की शोभायात्रा कुंडलपुर ग्राम का भ्रमण करती हुई निकाली गई।ज्ञानसाधना केंद्र के सामने अभिषेक पूजन का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया। सायंकाल बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर दीप अर्चना ,पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई ।मानस्तंभ परिसर में रात्रि में पालना झुलाया गया एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

## जीतू पटवार ने कुण्डलपुर में किये बड़े बाबा के दर्शन

### तेंदूखेड़ा में आमसभा को किया संबोधित



**दमोह।** रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यख जीतू पटवारी जिले के प्रवास पर रहे। उन्होने जैन तीर्थ क्षेत्र कुण्डलपुर पहुंचे व बड़े बाबा के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। हैलीपेड पर कांग्रेसजनों ने उनका स्वागत किया जहां से सीधे बड़े बाबा मंदिर की ओर रवाना हुये। इसके पश्चात वह आम सभा के लिये रवाना हो गये। तेंदूखेड़ा नगर के बस स्टेण्ड परिसर में लोक सभा कांग्रेस प्रत्याश्री के सर्मथन में कांग्रेस की चुनावी सभा का आयोजन लगभग साढे 5 बजे किया गया था। सभा में जीतू पटवारी प्रदेष कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव एवं पूर्व महाधिवक्ता विवेक तनखा हैलीकाप्टर से तेंदूखेड़ा पहुंचे थे। सभा को अनेक कांग्रेसियों ने अपने विचार रखे साथ सभी वक्ताओ के द्वारा भाजपा नीतियों को एवं भाजपा के नेताओ कोषते रहे। एक तरफ है लोधी और एक तरफ है लोभी है। आपना देखा हैं कि एक विधायक ने वोट बेच दिया। अब वोर्ट इमान पर पडना चाहिए। क्षेत्र में घर घर बात हैं कि हम लोधी को चुनेगें लोभी को नहीं चुनेगे। तीन माह पहले चुनाव हुआ था तो आपने गारंटी थी कि 3100 धान की और 2700 गेंहू खरीदने की बात की थी क्या आपको को इतना पैसा मिलने लगा है। साथ ही बहनो को 3 हजार रूपए माह देने की बात की थी क्या मिल रहे है। ये मतदताओ का खेलने का तांडव कर लिया है। पहले कालाधन अच्छे दिन आने की बात कर रहे है। अच्छे दिन में 17 सरकारे गिर गई, अच्छे दिन में 500 विधायको की खरीद फरोख हो गई।

## 1561 मतदाता में से 1508 मत डाले गये

### 85+ उम्र एवं दिव्यांगजन मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग, 30 अनुपस्थित तथा 23 मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र में दो चरणों में होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। 85+उम्र तथा दिव्यांजन मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान 1561 मतदाताओं में से 1508 मत डाले गये। इनमें 85+उम्र मतदाताओं ने 1165, दिव्यांगजन मतदाताओं ने 396 मत डाले, भ्रमण के दौरान 30 मतदाता अनुपस्थित मिले और 23 मतदाता मृत पाये गये। 18 अप्रैल को आयोजित मतदान में 85+ उम्र के मतदाताओं ने 1110 एवं दिव्यांगजन मतदाता ने 378 मत डाले। इसी प्रकार 20 अप्रैल को 85+ उम्र के मतदाताओं ने 10 मत और दिव्यांगजन मतदाताओं ने 10 मत डाले। विधानसभा क्षेत्र 38-देवरी में 85+मतदाता 127,



दिव्यांगजन मतदाता 39 कुल मतदाता 166 में से 85+ मतदाताओं में 118 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 39 कुल 157 मत डाले गये, 05 मतदाता अनुपस्थित तथा 4 मतदाता मृत पाये गये। 39-रहली में 85+मतदाता 101, दिव्यांगजन मतदाता 48 कुल मतदाता 149 में से 85+ मतदाताओं में 98 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 46 कुल 144 मत डाले गये, 05 मतदाता अनुपस्थित पाये गये। 42-बंडा में 85+मतदाता 78, दिव्यांगजन मतदाता 37 कुल मतदाता 115 में से 85+ मतदाताओं में 77 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 36 कुल 113 मत डाले गये, 02 मतदाता मृत पाये गये। 53-मलहरा में 85+मतदाता 46, दिव्यांगजन मतदाता 26 कुल मतदाता 72 में से 85+ मतदाताओं में 44 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 26 कुल 70 मत डाले गये, 01 मतदाता अनुपस्थित तथा 01 मतदाता मृत पाये गये।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया में 85+मतदाता 256, दिव्यांगजन मतदाता 90 कुल मतदाता 346 में से 85+ मतदाताओं में 252 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 88 कुल 340 मत डाले गये, 03 मतदाता अनुपस्थित तथा 03 मतदाता मृत पाये गये। 55-दमोह में 85+मतदाता 314, दिव्यांगजन मतदाता 75 कुल मतदाता 389 में से 85+ मतदाताओं में 298 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 73 कुल 371 मत डाले गये, 12 मतदाता अनुपस्थित तथा 06 मतदाता मृत पाये गये। 56-जबेरा में 85+मतदाता 201, दिव्यांगजन मतदाता 65 कुल मतदाता 266 में से 85+ मतदाताओं में 195 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 64 कुल 259 मत डाले गये, 02 मतदाता अनुपस्थित तथा 05 मतदाता मृत पाये गये तथा 57-हटा में 85+मतदाता 42, दिव्यांगजन मतदाता 16 कुल मतदाता 58 में से 85+ मतदाताओं में 38 एवं दिव्यांग मतदाताओं में 16 कुल 54 मत डाले गये, 02 मतदाता अनुपस्थित तथा 02 मतदाता मृत पाये गये ।

## सोने-चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि, बड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आर्थिक मंदी का असर अब सोने-चांदी की कीमत पर देखने को मिल रहा है। इस समय पर सोना 24 काह प्रति ग्राम 76 हजार रुपए हो गया है। नवरात्रि के पहले सोने का रेट 63000 रुपए था, जिसमें 13 हजार रुपए की बढ़ोतरी हुई है। चांदी भी प्रति 10 ग्राम 800 रुपए हो गई है। उल्लेखनीय है कि सोने और चांदी की कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि सर्राफा कारोबारी भी हैरान है। संभावना जताई जा रही है की सोने और चांदी की कीमत एक लाख तक जा सकती है। इसको लेकर छोटे कारोबारी बहुत ज्यादा दहशत में है। दो पांच लाख का कारोबार करने वाले कारोबारी की कमाई ही नहीं के बराबर हो जायेंगी तो इनको अपना घर चलना मुश्किल हो जाएगा यही नहीं बड़े कारोबारी भी सोच रहे हैं कि इतना महंगा सोना और चांदी कौन खरीदेगा। इसका कारोबार भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो जाएगा इतिहास में पहली बार सोना 76 हजार 250 हो गया है, वही चांदी 85000 हो गई है। सोने की कीमत पिछले कुछ समय से लगातार आसमान पर जा रही है ऐसा बहुत कम होता है कि कीमत में कमी आती है। ताजा उदाहरण ही ले लें सोना बीते साल में 63000 था जो इस समय महज 6 माह में 13 हजार बढ़ गया है महज डेढ़ साल में इसकी कीमत 25 हजार तक बड़ी है। एक माह में ही इसकी 10 हजार से ज्यादा बढ़ी है। नगर के सुमंगल ज्वेलर्स के संचालक रामकुमार सोनी ने बताया कि पहली बार सोना 76000 को पार कर गया है वहीं कुछ दिनों में स्टैंडर्ड सोने की कीमत और बढ़ जाएगी वही चांदी भी 90 हजार को पार कर सकती है। उन्होंने बताया कि जिस तेजी से सोने का भाव बढ़ रहा है उससे तो यही लगता है कि 2024 के अंतिम महीना में सोना 85 हजार रुपया प्रति तोला हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंदी का दौर चल रहा है इस हिसाब से सोने चांदी के रेट बढ़ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय उठापटक के बीच भारत में आसन्न लोकसभा चुनाव के कारण शेयर मार्केट में मंदी का दौर है। लोक सोना चांदी में ज्यादा निवेश कर रहे हैं, शादी ब्याह में सोने चांदी के आभूषणों की डिमांड बढ़ गई है बता दें कि कीमत बढ़ने के बावजूद ग्राहकों की कोई कमी नहीं है अभी रोजाना ग्राहकी बढ़ रही है।